>

Title: Need to run Garib Rath Express (Train No. 12211/12) and Saptkranti Express (Train No. 12257/58) daily between Mujaffarpur (Bihar) and Delhi.

श्री बैद्यनाथ प्रसाद महतो (बाल्मीकिनगर): उत्तरी बिहार के मुजफ्फरपुर जक्शन से गरीब रथ ट्रेन नं0 12211-अप चलकर आनंद विहार टर्मिनल तथा ट्रेन नं0 12212 आनंद विहार टर्मि0 से चलकर मुजफ्फरपुर सप्ताह में दो दिन आती है तथा दो दिन जाती है। यह ट्रेन मोतीहारी, बेतिया, नरकटियागंज वाया गोरखपुर चलती है। उक्त रेलमार्ग से एक मात्र सुपरफास्ट ट्रेन नं0 12557 एवं 12558 अप-डाउन सप्तक्रांति चलती है। इसके अलावा कोई भी सुपरफास्ट ट्रेन नहीं चलती है। जबकि उक्त क्षेत्र से राÂष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अपनी रोजी रोटी के लिए काफी संख्या में लोग दिल्ली प्रतिदिन आते जाते हैं। यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है।

अतः मैं भारत सरकार से जनहित में मांग करता हूं कि उक्त ट्रेनों को प्रतिदिन चलाया जाये ताकि यात्रियों को सुविधा हो।